बरेली, रविवार
28 अक्टूबर 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 24+4+4=32

दैनिक जागरण

PAGE NO. 12 : MIDDLE

एसआरएमएस में आयोजित टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जीत को दम दिखाती खिलाड़ी

टीटी में नौ जोन की टीमों ने दिखाई प्रतिभा

स्थानीय खेलकूद

जागरण संवाददाता, बरेली : उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित चार दिवसीय 65वीं श्रीराम मूर्ति मेमोरियल स्टेट एंड इंटर जोनल टूर्नामेंट का शनिवार को शुभारंभ हुआ। एसआरएमएस के मैदान पर नौ जोन की टीमों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

टूर्नामेंट के पहले दिन हुए मुकाबलों में कानपुर, इलाहाबाद जोन ने लखनऊ और फैजाबाद क्षेत्र को 3-1 से शिकस्त दी। मुरादाबाद, बरेली जोन ने गोरखपुर को हराया। मेरठ, आगरा जोन ने गोरखपुर और वाराणसी क्षेत्र को 3-0 से हराकर बाजी मार ली। लखनऊ, फैजाबाद जोन ने मुरादाबाद को हारते हुए प्वाइंट हासिल किए। वहीं, महिला वर्ग के मुकाबलों में कानपुर, इलाहाबाद जोन ने गोरखपुर, वाराणसी जोन को मात दी। इससे पहले मुख्य अतिथि एसआरएमएस के सचिव आदित्य मूर्ति, सुभाष मेहरा ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. एसबी गुप्ता, डीन एकेडमिक डॉ. प्रभाकर गुप्ता, संतोष खरे, डॉ. अनिल कुमार, अंबिका, आशीष कुमार, दीपेंद्र कमथान, अमित सिंह, अतिन रस्तोगी, पराग अग्रवाल आदि मौजूद रहे।